
# वर्ष 2021-22 का प्रगति विवरण/ प्रशासनिक प्रतिवेदन

ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टमेन्ट प्रमोशन, राजस्थान

उद्योग भवन, तिलक मार्ग, जयपुर 302 005

**BUREAU OF INVESTMENT PROMOTION, RAJASTHAN**
Udyog Bhawan, Tilak Marg, Jaipur-05

**ORGANIZATIONAL STRUCTURE**



**ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टमेन्ट प्रमोशन, राजस्थान**

उद्योग भवन, तिलक मार्ग, जयपुर-05

# वर्ष 2021-2022 का प्रगति विवरण/प्रशासनिक प्रतिवेदन

## बिन्दु संख्या-1 विभाग का संगठनात्मक ढांचा

बी.आई.पी. राजस्थान सोसाइटीज रजिस्ट्रेशन एक्ट-1958 के तहत पंजीकृत संस्था है। प्रमुख शासन सचिव, उद्योग, राजस्थान सरकार इसके अध्यक्ष हैं, भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी इसके आयुक्त हैं। बी.आई.पी. के लेखा एवं वित्त अनुभाग का दायित्व राजस्थान लेखा सेवा के वरिष्ठ अधिकारी को सौंपा गया है। बी.आई.पी. पूर्ण रूप से राजस्थान सरकार द्वारा अनुदानित संस्था है तथा राज्य में निवेश संवर्द्धन एजेन्सी के रूप में कार्य करती है। बी.आई.पी. में नियुक्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा प्रतिनियुक्ति पर आये अधिकारियों तथा कर्मचारियों द्वारा संस्था का कार्य निष्पादित किया जाता है।

ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टमेन्ट प्रमोशन की स्थापना राज्य को निवेश की दृष्टि से अधिक आकर्षक बनाने, राज्य की छवि को निवेश गन्तव्य के रूप में सुस्थापित करने, मध्यम एवं वृहद् श्रेणी के निवेशकों व प्रवासी भारतीयों को विनियोजन संबंधित समस्त जानकारी सुलभ कराने एवं निवेशकों की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से की गई। उद्योगों के अतिरिक्त बी.आई.पी. द्वारा विभिन्न क्षेत्रों जैसे कि स्वास्थ्य, आधारभूत ढाँचा, शिक्षा, ऊर्जा, कृषि, पर्यटन, IT & ITES इत्यादि में भी निवेश प्रोत्साहित किया जाता है।

## बिन्दु संख्या-2 स्वीकृत -कार्यरत तथा रिक्त पदों का विवरण

- स्वीकृत पद - 60
- कार्यरत पद - 42
- रिक्त पद - 18

**बिन्दु संख्या–3 विभागीय प्रमुख कार्य तथा प्रमुख कार्य के विरुद्ध आलोच्य वर्ष में प्रगति एवं उसकी विगत 3 वर्ष से तुलना**

| प्रमुख कार्य | आलोच्य वर्ष में प्रगति | विगत 3 वर्ष में प्रगति |
|---|---|---|
| एकल खिड़की व्यवस्था | एकल खिड़की व्यवस्था के अन्तर्गत 1 जनवरी, 2021 से 31 दिसम्बर, 2021 तक विभिन्न विभागों से अनुमति/स्वीकृति के लिये 86,990 आवेदन प्राप्त हुये जिनका प्रस्तावित निवेश रु. 2,502 करोड़ है। इनमें से 61,115 प्रस्तावों के लिये अनुमति जारी कर दी गई है जिनका प्रस्तावित निवेश रु. 609 करोड़ है। | एकल खिड़की व्यवस्था 1 जून, 2016 से आरंभ की गई थी जिसके तहत् के अन्तर्गत 2 जून, 2018 से 31 दिसम्बर, 2020 तक विभिन्न विभागों से अनुमति/स्वीकृति के लिये 1,15,181 आवेदन प्राप्त हुये जिनका प्रस्तावित निवेश रु. 16,646 करोड़ है। इनमें से 89,696 प्रस्तावों के लिये अनुमति जारी कर दी गई है जिनका प्रस्तावित निवेश रु. 14,729 करोड़ है। |
| बोर्ड ऑफ इन्वेस्टमेंट | बोर्ड ऑफ इन्वेस्टमेन्ट की प्रथम बैठक 19 अप्रैल, 2021 को आयोजित की गई जिसके अन्तर्गत 1,67,750.26 करोड़ के प्रस्ताव स्वीकृत किये जा चुके हैं। | माननीय मुख्यमंत्री महोदय की अध्यक्षता में ''बोर्ड ऑफ इन्वेस्टमेन्ट'' के गठन के आदेश दिनांक 03.11.2020 को जारी किये जा चुके हैं। |

**बिन्दु संख्या–4 आलोच्य वर्ष की विशेष पहल एवं उपलब्धि**

**वन स्टॉप शॉप**

- माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा दिनांक 18.12.2020 को ''वन स्टॉप शॉप'' प्रणाली के ऑनलाइन पोर्टल ''राज निवेश'' का उद्घाटन किया जा चुका है। इस पोर्टल के अन्तर्गत दिनांक 31 दिसंबर, 2021 तक 181 आवेदन प्राप्त हुये जिनका प्रस्तावित निवेश रु. 50,634.78 करोड़ है। इसमें से कुल 63 आवेदन स्वीकृत किये गये जिनका प्रस्तावित निवेश रु. 45,175.34 करोड़ है।
- वन स्टॉप शॉप प्रणाली के लिये इन्फ्रास्ट्रक्चर से संबंधित कार्य दो चरणों में किया जा रहा है। प्रथम चरण के तहत 14 विभागों के अधिकारियों के पृथक् परिसर में बैठने की व्यवस्था हेतु कार्य पूर्ण किया जा चुका है जिसका उद्घाटन माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा दिनांक 18.12.2021 को किया गया। उद्घाटन पश्चात्, संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा वन स्टॉप शॉप परिसर में बैठना प्रारम्भ कर दिया गया है। दूसरे चरण के तहत, उद्योग भवन परिसर में ही नवीन भवन का निर्माण कार्य भी प्रगति पर है।

**एकल खिड़की (Single Window)**

- उद्यमों की स्थापना के लिए सुलभ स्वीकृतियों हेतु भारत सरकार के ईओडीबी संबंधी दिशा–निर्देशों के आधार पर, नई सिंगल विंडो व्यवस्था को 1 जून, 2016 को लागू किया गया। इस ऑनलाइन व्यवस्था को यूजर फ्रेंडली बनाते हुये पोर्टल पर एकल साइन–ऑन भुगतान गेटवे, ऑन–लाइन डॉक्यूमेन्ट अपलोडिंग, ऑनलाइन अनुमोदन आदि सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। आवेदक को उसकी परियोजना संबंधी आवश्यक अनुमतियों की जानकारी उपलब्ध करवाने हेतु गाइड–मी–विजर्ड सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। इसके अतिरिक्त राज्य एवं स्थानीय निकायों द्वारा लगाये गये करों की दर/टैरिफ से संबंधित जानकारी भी पोर्टल पर उपलब्ध कराई गई है।

- एकल खिड़की व्यवस्था को सुदृढ़ करना एक सतत् प्रक्रिया है, इसमें नई सेवाओं को जोड़ा जा रहा है और अप्रचलित फार्म/सेवाओं को हटाया जा रहा है। अब तक इसमें 14 विभागों की 107 सेवाएं उपलब्ध हैं।

## राजस्थान सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (स्थापना और प्रवर्तन का सुकरीकरण) अधिनियम 2019

- दिनांक 17 जुलाई, 2019 को राजस्थान सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (स्थापना और प्रवर्तन का सुकरीकरण) अधिनियम 2019 जारी किया जा चुका है। एमएसएमई एक्ट के तहत 1 जनवरी, 2021 से 31 दिसम्बर, 2021 तक 3884 आवेदकों द्वारा राज उद्योग मित्र पोर्टल पर पंजीकरण कराया गया है जिनमें सूक्ष्म श्रेणी के 1917, लघु श्रेणी के 1199 एवं मध्यम श्रेणी उद्योगों के 768 आवेदन सम्मिलित हैं।

**वेबिनार/सम्मेलन–** संभावित निवेशकों एवं उद्यमियों से संवाद स्थापित करने, राज्य को एक आदर्श निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित करने एवं विभिन्न क्षेत्रों में निवेश प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बी.आई.पी. द्वारा जनवरी, 2020 से दिसम्बर, 2021 तक निम्नलिखित प्रमुख आयोजनों में भाग लिया –

| क्र. सं. | दिनांक | वेबिनार/सम्मेलन |
|---|---|---|
| 1. | 27 जनवरी, 2021 | • डवलपिंग फिल्म सिटीज इन राजस्थान वेबिनार वर्चुअल सेशन ऑन एक्सप्लोरिंग<br>• इन्वेस्टमेन्ट अपोर्चुनिटी इन पेट्रोलियम केमिकल्स एण्ड पेट्रोलियम इन्वेस्टमेन्ट रीजन (पीसीपीआईआर) |
| 2. | 26 फरवरी, 2021 | वेबिनार ऑन राजस्थान ईवी इंडस्ट्री इन्वेस्टर्स मीट |
| 3. | 25-26 फरवरी, और 1-2 मार्च, 2021 (वर्चुअल) | इण्डिया फार्मा 2021 एण्ड इण्डिया मेडिकल डिवाइज 2021 |
| 4. | 17-19 मार्च, 2021 | इंडिया कैम-2021 |
| 5. | 7-19 मार्च 2021(वर्चुअल) | टेक्नोटेक्स-2021 |
| 6. | 5 मार्च, 2021 | आत्मनिर्भर राजस्थान - एम.एस.एम.ई. |
| 7. | 16 मार्च, 2021 | इण्डिया जापान पार्टनरशिप समिट |
| 8. | 25-26 मार्च, 2021 | इंडिया इकोनॉमिक कॉन्क्लेव |
| 9. | 27 अप्रैल, 2021 | राजस्थान डेस्टिनेशन रिन्यूएबल एनर्जी इक्वाइपमेन्ट मैन्यूफैक्चरिंग |
| 10. | 19 जुलाई, 2021 | बिज़नेस एंड इन्वेस्टमेंट अपोर्चुनिटी इन राजस्थान पर वेबिनार |
| 11. | 18 अगस्त, 2021 | राजस्थान की निवेश संभावनाओं पर वेबिनार |

**इन्वेस्ट राजस्थान समिट–2022**

इन्वेस्ट राजस्थान समिट 24 और 25 जनवरी, 2022 को आयोजित होना प्रस्तावित था जो कि कोविड परिस्थिति के परिप्रेक्ष्य में स्थगित कर दिया गया है। इन्वेस्ट राजस्थान समिट हेतु निम्न गतिविधियां की गईं :–

- **प्री–कनेक्ट प्रोग्राम–** देश के महानगरों में निवेशकों के साथ संवाद स्थापित करने तथा उन्हें निवेश हेतु राज्य में आमंत्रित करने के लिये आयुक्त, बीआईपी एवं अतिरिक्त आयुक्त, बीआईपी के नेतृत्व में प्री–कनेक्ट प्रोग्राम आयोजित किए गये। उक्त प्रोग्राम दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद, कोलकाता और चेन्नई में माह सितम्बर/अक्टूबर में आयोजित किये गये।
- **राष्ट्रीय इन्वेस्टर्स कनेक्ट प्रोग्राम/रोडशोज–** समिट से पहले, 7 शहरों (दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद, बेंगलुरु, कोलकाता, हैदराबाद और चेन्नई) में इन्वेस्टर्स कनेक्ट प्रोग्राम/रोडशोज दिसंबर के महीने में आयोजित किए गए । उक्त रोडशो का नेतृत्व वरिष्ठ प्रतिनिधि मण्डल द्वारा किया गया।
- **अन्तर्राष्ट्रीय इन्वेस्टर्स कनेक्ट प्रोग्राम/रोडशोज–** 12–18 नवंबर, 2021 तक दुबई एक्सपो में एक राज्य प्रतिनिधिमंडल द्वारा भाग लिया गया एवं 15 नवंबर, 2021 को दुबई रोडशो आयोजित किया गया। 16 दिसंबर, 2021 को यूएसए के साथ एक आभासी (वर्चुअल) निवेशक कनेक्ट कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।
- विभिन्न रोडशोज़ में हस्ताक्षरित एमओयू/एलओआई का क्षेत्रवार (सेक्टर अनुसार) विवरण निम्न अनुसार है–

| **निवेश क्षेत्र (सेक्टर)** | **एमओयू/ एलओआई** | **प्रस्तावित निवेश (रुपये करोड़)** |
|---|---|---|
| कृषि | 9 | 911 |
| उद्योग (इण्डस्ट्रीज़) | 228 | 17,611.74 |
| विभिन्न निवेश क्षेत्र (शिक्षा, पर्यटन, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, ऊर्जा एवं माइन्स) | 3 | 20,445 |
| शिक्षा | 3 | 290 |
| ऊर्जा | 28 | 4,57,760 |
| आईटी एवं आईटीईएस | 1 | 105 |
| चिकित्सा एवं स्वास्थ्य | 8 | 2,283 |
| माइन्स | 14 | 68,050 |
| कौशल विकास | 2 | 420 |
| पर्यटन | 22 | 2,038 |
| नगरीय विकास | 5 | 3,413 |
| **कुल** | **323** | **5,73,326.74** |

- **प्रचार एवं प्रसार गतिविधियां–** विभिन्न इन्वेस्टर्स कनेक्ट प्रोग्राम एवं समिट हेतु निम्न प्रमुख कार्य किए गये–
    1. समिट हेतु invest.rajasthan.gov.in वेबसाइट लान्च की गई।
    2. समिट हेतु लोगो तथा रोडशो के लिए स्टैण्डी एवं बैकड्रॉप बनाए गए।
    3. समिट ब्रॉशर तथा इन्वेस्टमेन्ट ब्रॉशर बनाया गया।
    4. टी.वी. एवं रेडियो विज्ञापन बनाए गये।
    5. देश के विभिन्न पत्र एवं पत्रिकाओं में विज्ञापन प्रकाशित किए गये।
    6. 13 सेक्टोरल हैण्ड आउट बनाए गए।
    7. प्रमोशनल किट, नोटपैड रोडशो में वितरित किए गए।
    8. सोशल मीडिया प्लेटफार्म (Facebook, Instagram, Twitter, Youtube, Linkdin) पर प्रचार प्रसार किया गया।

**बजट**

- बी.आई.पी. को वित्तीय वर्ष 2021–2022 में 2,440.00 लाख रु. आयोजना मद के अन्तर्गत अनुदान राशि के रूप में स्वीकृत किये गये हैं, जिसमें 1,180.00 लाख रु. इन्वेस्ट राजस्थान समिट–2022 का बजट भी सम्मिलित है। जिसमें से माह दिसम्बर, 2021 तक 539.93 लाख रु. व्यय किये जा चुके हैं।

## बिन्दु संख्या – 5 सार–संक्षेप

- बीआईपी द्वारा 7 राष्ट्रीय एवं 2 अन्तर्राष्ट्रीय इन्वेस्टर कनेक्ट प्रोग्राम का सफल आयोजन किया गया जिनमें रु. 5,73,331.74 करोड़ निवेश के 323 एमओयू एवं एलओआई हस्ताक्षरित किए गए।
- बोर्ड ऑफ इन्वेस्टमेन्ट की प्रथम बैठक में रु. 1,67,750.26 करोड़ के निवेश प्रस्ताव स्वीकृत किए गए।

ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टमेन्ट प्रमोशन, राजस्थान
उद्योग भवन, तिलक मार्ग, जयपुर 302 005